# हरियाणा विधान सभा

## अगस्त सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 25 अगस्त 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

**बूचड़खानों के संचालन से सम्बंधित ब्यौरा**

***21 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) नूंह जिले में संचालित बूचड़खानों की संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2014 से अब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नूंह जिले में कितने बूचड़खानों को अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं तथा क्या उपरोक्त बूचड़खाने सरकार के संचालन दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित हो रहे हैं; यदि नहीं, तो सरकार द्वारा ऐसे दोषी बूचड़खानों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार को नूंह जिले के विभिन्न गांवों के निवासियों द्वारा यूनाइटेड फार्म प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड (घाटा शामशाबाद), फ्रिगोरीफिको एलाना प्राइवेट लिमिटेड तथा फेयर एक्सपोर्ट्स एलाना प्राइवेट लिमिटेड (मांडीखेड़ा और सठकपुरी) सहित बूचड़खानों से आने वाली दुर्गंध, मक्खियों के प्रकोप तथा पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार के बारे में बार-बार की गई शिकायतों की जानकारी है; यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है;तथा

(घ) क्या गत एक वर्ष में सरकार के पर्यावरण या पशु कल्याण प्राधिकरणों द्वारा इन इकाइयों का कोई निरीक्षण किया गया है; यदि हां, तो इस निरीक्षण के जाँच- परिणाम

क्या हैं?

----

## रसायन युक्त पानी को बाहर निकालना

***22 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या मसानी बैराज से रसायन युक्त पानी को निकालने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, जिसके कारण जल स्तर बढ़ गया है तथा आसपास के लगभग 15 गांवों की भूमि को नुकसान पहुंचा है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या मसानी बैराज से ओवरफ्लो पानी छोड़े जाने के कारण जिन स्थानीय किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है, को मुआवजा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

----

## ठोस अपशिष्ट के निपटान में उल्लंघन के लिए अनुबंधित फर्म के विरुद्ध की गई कार्रवाई

***23 श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें किः-

(क) क्या वी.एम. इंजीनियरिंग (तथा कंसोर्टियम), जिसे करनाल-कैथल-थानेसर क्लस्टर के लिए एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का अनुबंध दिया गया है, ने लैटर ऑफ़ अवार्ड की किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है तथा क्या राज्य के अन्य भागों में विभाग द्वारा निर्धारित अनुबंध प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अनुभव की आवश्यकता थी;

(ख) क्या सार्वजनिक संसाधनों के उल्लंघन, गैर-अनुपालन या दुरुपयोग का आंकलन करने के लिए कोई पूछताछ/जांच की गई है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ग) क्या उपरोक्त अनुबंधित फर्म ने ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन और निपटान में बहुत से अन्य कानूनों का उल्लंघन किया है तथा क्या हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस संबंध में ठेकेदार / नगर परिषद, कैथल को नोटिस जारी किया है; यदि हां, तो सरकार द्वारा अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है?

----

## करनाल की कॉलोनियों में खसरा नंबरों का नियमतिकरण

***24 श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क)  क्या यह तथ्य है कि करनाल नगर निगम क्षेत्र में वैध कॉलोनियों के बीच में स्थित कुछ खसरा नंबर तथा 28 नई कॉलोनियां वैध होने से वंचित रह गई हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उनके नियमतिकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा ऐसे खसरा नंबरों तथा संबंधित कॉलोनियों को कब तक वैध किए जाने की संभावना है?

----

## दूषित नहरी पानी के उपचार के लिए उठाए गए पग

***25 चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि यमुना नहर से दूषित पानी गुरुग्राम नहर में प्रवाहित होता है जिससे नूंह, पलवल, फरीदाबाद तथा गुरुग्राम जिले प्रभावित होते हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त दूषित पानी का उपचार करने के लिए अप्रैल, 2023 से जून, 2025 तक सरकार द्वारा उठाए गए पगों का ब्यौरा क्या है?

----

## अस्पताल में उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना

***26 श्रीमती शैली चौधरी (नारायणगढ़):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि किसी भी प्रकार के उपचार के लिए नागरिक अस्पताल, नारायणगढ़ में आने वाले मरीजों को उपचार देने की बजाय नागरिक अस्पताल, अंबाला या पंचकूला रेफर कर दिया जाता है; तथा

ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## जलभराव से प्रभावित स्थानों पर टयूबवैल लगाना

***27 श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) पृथला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के उन गांवों के नाम क्या हैं जहां सरकार ने जलभराव (सेम) की समस्या का समाधान करने के लिए टयूबवैल लगाए हैं तथा प्रत्येक

गांव में लगाए गए टयूबवैलों की संख्या कितनी है;

(ख) प्राधिकरण या व्यक्ति का ब्यौरा क्या है जिसकी अनुशंसा पर इन टयूबवैलों के लगाने के लिए स्थान का चयन किया गया;

(ग) जलभराव (सेम) से प्रभावित कई स्थानों जैसे कि हरफला, बनकपुर तथा नंगला जोगियां आदि गांवों में टयूबवैल न लगाए जाने के कारण क्या हैं तथा ऐसे सभी स्थानों का ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) जलभराव (सेम) से प्रभावित शेष स्थानों पर समस्या के समाधान के लिए टयूबवैलों को कब तक लगाए जाने की संभावना है?

----

## माइनरों के नवीनीकरण की वर्तमान स्थिति

***28 सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) पेहवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में संधोला माइनर तथा गुमथला माइनर के नवीनीकरण कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त माइनरों के नवीनीकरण कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## माइनरों की मरम्मत करना

***29 श्री कपूर सिंह ( बवानी खेड़ा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि बवानी खेड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सभी माइनरें जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा पानी टेल के अंतिम छोर तक पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाता है; तथा

(ख) यदि हां, क्या इन माइनरों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इन माइनरों की मरम्मत का कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## यातायात प्रबंधन में सुधार करना

***30 श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गीता जयंती तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों के दौरान भारी यातायात जमाव को ध्यान में रखते हुए, कुरुक्षेत्र शहर में यातायात प्रबंधन को सुधारने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो

उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

## स्टेडियम की स्थिति में सुधार

***31 श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया यह बताएंगे कि: -

क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक में स्थित राजीव गांधी स्टेडियम के सिंथेटिक ट्रैक, शौचालय, चेंजिंग रूम, पेयजल सुविधाएँ, वॉलीबॉल, कबड्डी, हॉकी, लॉन टेनिस तथा क्रिकेट मैदान इत्यादि जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं; यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उपरोक्त खेल सुविधाओं की मरम्मत तथा रखरखाव के लिए क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा उपरोक्त स्टेडियम में इन खेल सुविधाओं की स्थिति में कब तक सुधार किये जाने की संभावना है;

ख) अप्रैल, 2019 से मार्च, 2025 तक उपरोक्त स्टेडियम के रखरखाव के लिए सरकार द्वारा वर्ष-वार कितना बजट आवंटित किया गया है;

ग) क्या उपरोक्त स्टेडियम (जो 112 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है) का दर्जा राष्ट्रीय स्तर के खेल परिसर/खेल उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

घ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

----

## अनाज मंडियों को महम क्षेत्र के साथ जोड़ना

***32 श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि मदीना तथा लाखन माजरा गांवों की अनाज मंडियां वर्तमान में रोहतक से अटैच (जुड़ी हुई) है जबकि दोनों क्षेत्रों के प्रशासनिक कार्य एस.डी.एम, महम के अन्तर्गत आता है; तथा

ख) क्या रोहतक के मदीना तथा लाखन माजरा की अनाज मंडियों को महम के साथ जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसकी प्रक्रिया क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यन्वित किए जाने की संभावना है?

----

**महाविद्यालय के छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण करना**

***33 डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या बावल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के बावल कस्बे में महाविद्यालय के छात्रों (लड़के तथा लड़कियों) के लिए छात्रावास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त छात्रावास का निर्माण कार्य कब तक शुरू तथा पूरा किये जाने की संभावना है?

----

**सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना**

***34 श्री भगवान दास (नीलोखेडी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि राज्य की नगर पालिकाओं, नगर परिषदों तथा नगर निगमों में सफाई कर्मचारियों की संख्या कार्यभार के अनुसार आवश्यकता से बहुत कम है; तथा

ख) यदि हां, तो क्या राज्य की नगरपालिकाओं, नगर परिषदों तथा नगर निगमों में दोनों स्थाई तथा अस्थाई आधार पर सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

----

**विद्यालय भवनों का पुनः निर्माण/नवीनीकरण करना**

***35 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या विद्यालय शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले निम्नलिखित विद्यालयों के भवनों की स्थिति जीर्ण-शीर्ण तथा असुरक्षित है:

i) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव भादानी;

ii) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव गुढा;

iii) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय, गांव बिरोहर;

iv) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, झज्जर-1(शहर);

v) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, झज्जर छावनी -1;

vi) राजकीय प्राथमिक विद्यालय, धनु तथा धनीरवास;

vii) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कबलाना तथा सुराखपुर; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालयों के भवनों को पुनः निर्मित/नवीनीकरण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## पूंडरी को उपमंडल घोषित करना

***36 श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) क्या पुंडरी को उप-मंडल घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक अधिसूचित किये जाने की संभावना है?

----

## हिसार-घग्गर बहुउद्देशीय (मल्टीपरपज) ड्रेन का विस्तार

***37 श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या हिसार-घग्गर बहुउद्देशीय (मल्टीपरपज) ड्रेन के विस्तार के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त ड्रेन का विस्तार कार्य कब तक शुरू किये जाने की संभावना है?

----

## स्थानांतरित मामलों का ब्यौरा

***38 श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पुलिस विभाग में कुछ मामलें जो एस.एच.ओ या अन्य जांच

अधिकारियों के पास लंबे समय तक लंबित रहते हैं, उन्हें बिना किसी कारण या निष्कर्ष के अन्य अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो पिछले 5 वर्षों के दौरान करनाल जिले में स्थानांतरित किए गए ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है तथा इन स्थानातंरण के कारण क्या हैं?

----

## कलायत में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करना

*39 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कलायत में श्री महाराणा प्रताप के नाम पर एक राजकीय महाविद्यालय स्थापित करना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) उक्त महाविद्यालय के निर्माण पर कितनी अनुमानित लागत खर्च की जाने की संभवाना है?

----

## चारमार्गी सड़कों का निर्माण करना

*40 **श्री योगीन्द्र सिंह राणा (असंध):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या करनाल से असंध तथा असंध से जींद तक चारमार्गी सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) इस संबंध में  सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

----